Publication: Navbharat, Mumbai. Date: 18 June, 2012

# एक्जिम बैंक म्यांमार को देगा 50 करोड़ डॉलर का ऋण

**मुंबई,** का. सं. भारतीय एक्जिम बैंक तथा म्यांमार फॉरेन ट्रेड बैंक ने विशिष्ट परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु 50 करोड़ डॉलर की एक ऋण-व्यवस्था करार पर हस्ताक्षर किए हैं. इस करार पर हाल ही में म्यांमार (बर्मा) में एक्जिम बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक टी.सी.ए. रंगनाथन तथा म्यांमार फॉरेन ट्रेड बैंक के प्रबंध निदेशक यू.नी. फ्यू ह्ला द्वारा हस्ताक्षर किए गए. इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तथा म्यांमार संघ गणराज्य के राष्ट्रपति तेन सेन तथा दोनों देशों के विभिन्न मंत्री तथा राजनयिक उपस्थित थे. एक्जिम बैंक इससे पूर्व म्यांमार फॉरेन ट्रेड बैंक को कुल 24.74 करोड़ डॉलर की ऋण -व्यवस्थाएं प्रदान कर चुका है. इनसे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है.

# UFO मूवीज का नया लॉयल्टी प्रोग्राम

## सस्ती दरों पर डॉल्बी साउंड लगाने का ऑफर

व्यापार प्रतिनिधि

**मुंबई.** विश्व की सबसे बड़ी सैटेलाइट आधारित डिजिटल सिनेमा नेटवर्क कंपनी यूएफओ मूवीज इंडिया लि. ने सिनेमाघरों में किफायती दरों पर अत्याधुनिक डॉल्बी सीपी 750 साउंड प्रोसेसर लगाने का ऑफर दिया है ताकि भारतीय सिनेमा घरों का साउंड विश्व स्तरीय बनाया जा सके.

अपने एक्जिबिटरों के लिए यूएफओ के नए लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत यह इंस्टालेशन डिस्काउंट दरों पर ऑफर किया गया है, ऐसा इसलिए संभव हो रहा है कि हाल ही में यूएफओ ने डॉल्बी लेबोरेटरीज इंक के साथ सहयोग करने की घोषणा की है.

यूएफओ मूवीज के सीओओ पंकज सिंह के मुताबिक हमारा मानना है कि सिनेमा घरों के लिए यह अच्छा अवसर होगा कि वे अपने सिनेमा में सीपी 750 डॉल्बी प्रोसेसर लगाए तथा अपने दर्शकों के लिए बेजोड़ ध्वनि अनुभव प्रदान करें. डॉल्बी यूएफओ की मदद डिजिटल इनकोडिंग को लगाने में और यूएफओ मूवीज के लिए मास्टरिंग वर्कफ्लो में करेगा और एक इंड-टू-इंड डिजिटल साउंड प्रोसेस देने के लिए यूएफओ-डॉल्बी को-ब्रांडेड सीपी 750 सिनेमा प्रोससर्स प्रदान करता है एवं सिनेमाघरों में प्रमाणिक आडियो अनुभव प्रदान करने में मदद करता है.